# पीएम ई-विद्या जैसे प्लेटफॉर्म से शिक्षक और विद्यार्थी दोनों नई दिशा में आगे बढ़ सकते हैं : राठौड़

चूरू (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) चूरू में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यालयों में तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग को लेकर पीएम ई-विद्या डीटीएच कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 22 और 23 अगस्त को दो चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें जिले के सभी सातों ब्लॉकों के लगभग 80 प्रधानाचार्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचाय डॉ. गोविन्द सिंह राठौड ने की। उन्होंने कहा कि आज के समय में डिजिटल शिक्षा ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कुंजी है। पीएम ई-विद्या जैसे प्लेटफ़ॉर्म से शिक्षक और विद्यार्थी दोनों नई दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। डाइट चूरू का यह प्रयास भविष्य की पीढ़ी को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षण प्रभारी डाइट उप प्राचार्य, नरेंद्र उपाध्याय रहे। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानाचार्यों की सक्रिय भागीदारी इस कार्यशाला की सबसे बड़ी उपलब्धि है।



चूरू में पीएम ई-विद्या डीटीएच पर कार्यशाला आयोजित हुई।

डिजिटल संसाधनों के उपयोग से शिक्षा अधिक रोचक, सुलभ और प्रभावी बन सकती है। हम चाहते हैं कि इस प्रशिक्षण का लाभ प्रत्येक विद्यालय तक पहुँचे। राज्य संदर्भ व्यक्ति प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि पीएम ई विद्या पहल को 6 प्रमुख घटकों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा गया है जो इस प्रकार हैं-दीक्षा वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में स्कूली शिक्षा के लिए डिजिटल अवसंरचना,डीटीएच टीवी चैनल (200) वन क्लास-वन चैनल के रूप में स्कूली शिक्षा के लिए, स्वयं स्कूल शिक्षा के लिए एमओओसी प्रारूप में पाठ्यक्रम, कम्युनिटी रेडियो स्टेशन और पॉडकास्ट – स्कूली शिक्षा के लिए, दिव्यांग छात्रों के लिए ई-कंटेंट स्कूली शिक्षा के लिए, आईआईटी-पीएएल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए है।

इन छह घटकों को मल्टीमॉडल एक्सेस के लिए सक्षम किया गया है, अर्थात ये डिजिटल, ऑनलाइन और ऑन-एयर माध्यमों से अलग-अलग तथा एक साथ विभिन्न प्लेटफॉर्म्स (जैसे टेलीविज़न, रेडियो, वेबसाइट, मोबाइल ऐप्स आदि) के माध्यम से उपयोग किए जा सकते हैं। इससे उपयोगकर्ताओं के लिए ई-सामग्री का एकीकृत और सुलभ उपयोग सुनिश्चित होता है। डाइट उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह इस कार्यशाला के राज्य संदर्भ व्यक्ति सुनील शर्मा के द्वारा बनाए गए ही कंटेंट राष्ट्रीय स्तर दूरदर्शन चैनल पर प्रसारित हो रहे हैं जिनके अनुभव का लाभ इस कार्यशाला में प्रदान किया गया। प्राचार्य मुकुल भाटी ने कोड चुरु कार्यक्रम के बारे में बताया। सचिन कुमार ने नई शिक्षा नीति के परिपेक्ष में ही कंटेंट का महत्व बताया। संयोजक दशरथ नैन और सुरेश डूडी ने प्रशिक्षण के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, डाइट के आई.एफ.आई.सी. प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत तथा महेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ई-लर्निंग की बढती उपयोगिता पर जोर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य बालकृष्ण शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

रतनगढ़ (निसं)। राजगढ़ उपखंड अधिकारी के कथित हठधर्मी रवैये से आहत शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने लामबंद होकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने रतनगढ़ उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें राजगढ़ एसडीएम द्वारा जारी कथित गैरकानूनी नोटिसों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो पूरे जिले और प्रदेश में आंदोलन तेज किया जाएगा। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनिया और ब्लॉक मंत्री भोजराज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण,वरिष्ठ शिक्षक नेता चौथमल चिनिया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल मुंदलिया, सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकरलाल मीणा और संयोजक उम्मेद कुम्हार ,वेदप्रकाश अग्रवाल, पन्नालाल जांघू ने बताया, ''राजगढ़ एसडीएम ने हमारे संगठन के जिलामंत्री सहित तीन शिक्षकों को बिना किसी उचित आधार के नोटिस थमा दिए हैं। यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि शिक्षक समुदाय की आवाज को दबाने का स्पष्ट प्रयास है।'' उन्होंने कहा कि पिछले 13 दिनों से राजगढ़ के शिक्षक धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। 'यह अलोकतांत्रिक रवैया है। हमारी मांग है कि नोटिस वापस लिए जाएं और धरने पर बैठे शिक्षकों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए,' यदि उनकी मांगें अनसुनी रहीं तो पूरे चूरू जिले और राजस्थान भर में विरोध प्रदर्शन आयोजित करेंगे।

### तेजा दशमी शोभायात्रा की तैयारियां शुरू

पाटन (निसं)। लोक देवता, सत्य के प्रतीक, और गौ-रक्षक वीर तेजाजी महाराज के पावन दशमी पर्व के अवसर पर आगामी 2 सितंबर को आयोजित होने वाली विशाल शोभायात्रा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में पोस्टर विमोचन अभियान के तहत आज ग्राम गोविंदपुरा और नया नगर में शोभायात्रा का भव्य पोस्टर जारी किया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य तेजा भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों की उपस्थिति में शोभायात्रा की जानकारी साझा की गई। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया कि वे इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के चरणों में अपनी आस्था प्रकट करें। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए वीरांगना कविता सामोता, प्रदेश सह-संयोजक, सैनिक प्रकोष्ठ, भाजपा राजस्थान ने कहा वीर तेजाजी केवल एक देवता नहीं, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, सत्य और साहस के प्रतीक हैं। हमारी यही कामना है कि तेजाजी महाराज सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और उनके जीवन में सुख-समृद्धि लाएं।कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही। गांव-गांव में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखा गया, जिससे स्पष्ट है कि आने वाली शोभायात्रा ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होगी।

### तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर को

सीकर (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 (द्वितीय शनिवार) को वर्ष 2025 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सीकर जिला मुख्यालय एवं तालुका विधिक सेवा समितियों पर किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर लंबित प्रकरणों का त्वरित सुगम एवं निःशुल्क निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि पक्षकारों को आपसी सहमति से स्थायी समाधान भी प्राप्त होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत शुल्क विवाद, अम विवाद, वैवाहिक प्रकरण, भरण पोषण संबंधी मामले तथा दीवानी और फौजदारी से जुड़े राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जाएंगे। साथ ही विगत 6 माह से अधिक अवधि के ट्रैफिक चालान, कैमरा चालान, इंटरसेप्टर चालान तथा अन्य प्रकार के मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित प्रकरण भी शामिल किए जाएगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर समस्त विभागों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कर इसका लाभ उठाएँ।

### विधायक गोदारा ने जनसुनवाई की

रतनगढ़ (निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की। विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे। विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान शहर एवं गांवों में जलसप्लाई को सुदृढ़ करने, कस्बे एवं गांवों में विद्युत आपूर्ती सुदृढ्ढ करने, सड़कों की मरम्मत/नवीनीकरण, चिकित्सा, शिक्षा सहित, नगरपालिका से संबंधित समस्याओं के बारे में शहर वासियों व ग्रामीणों ने विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की,जिसपर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिए । जनसुनवाई के दौरान अरविंद चाकलान, राजकुमार सिहाग, भानी राम मेघवाल, विक्रम थालौड़, रणजीत खोथ, बीजू सोनी, चुन्नी लाल, चरण सिंह कोका, मांगी लाल मेघवाल, भंवरलाल बीरड़ा, सहीराम सहित कस्बे वासी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### गणेश महोत्सव आज से

सीकर, (निसं)। श्री महादेव नवयुवक मंडल द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में तीन दिवसीय गणेश महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंडल संरक्षक आनंद सिंह कच्छावा सवाई सिंह निर्वाण ने बताया कि सिटी डिस्पेंसरी नंबर दो के पीछे शिवजी मंदिर के पास आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव में रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी महाराज की संत महात्माओं की उपस्थिति में पूजा अर्चना के साथ सुबह शाम आरती के साथ महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन तथा शाम को प्रतिदिन आरती के पश्चात नन्ही मुन्नी बच्चियों द्वारा धार्मिक नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी जाएगी मंडल संरक्षक ने बताया कि धार्मिक आयोजन के मुख्य अतिथि तत्कालीन सभापति जीवण भाजपा प्रदेश पूर्व मंत्री मधु कुमावत भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा सीकर शहर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुल्तान सैनी व राकेश धीवा अध्यक्ष सरस पार्लर विक्रेता संघ पलसाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### प्रधानमंत्री जनधन शिविर आज

सीकर, (निसं)। अग्रणी जिला प्रबंधक ननंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन नीमकाथाना के कोटड़ा में 27 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 सितम्बर 2025 तक विभिन्न पंचायत स्तरों पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलना, पीएमजेडीवाई खातों में नामांकन, पीएमजेडीवाई खातों में पुनः कार्यवाही), पीएमजेजेबीवाई नामांकन, पीएमएसबीवाई नामांकन, पीएमएपीवाई नामांकन और साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित किया जायेगा।

### स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 27 अगस्त को होगी। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में दोपहर चार बजे जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में होने वाली बैठक में चिकित्सा विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने दी।

### अनंत चतुर्दशी पर मांस बिक्री प्रतिबंधित

सीकर, (निसं)। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि जैन धर्म के पावन पर्व पर्यूषण व संवत्सरी 27 अगस्त 2025, बुधवार तथा अनंत चतुर्दशी 6 सितम्बर 2025, शनिवार के अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र में सभी बूचड़खाने एवं मांस, मछली, अंडे की दुकानों को बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### अनुष्का मोदी ने सीएस परीक्षा पास की

झुंझुनूं, (निसं)। श्री खेमी शक्ति रोड निवासी स्व. जयप्रकाश मोदी की सुपौत्री अनुष्का मोदी ने कम्पनी सेक्रेटरी की परीक्षा उतीर्ण की। अनुष्का के ताऊ रमाकांत मोदी व सपना ने बताया कि बाबा गंगाराम की कृपा से सफलता मिली है। सफलता में छात्रा अनुष्का ने पिता कृष्ण कुमार, माता ममता, भाई रोनक सहित परिवार का सहयोग बताया।

## शक्ति दिवस मनाया

सीकर (निसं)। अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य लोगों की स्वास्थ्य कर्मियों ने शरीर में खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिले चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाडी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों की जांच की।

# स्थाई करने की मांग को लेकर योग प्रशिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। अखिल राजस्थान योग प्रशिक्षक महासंघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में कार्यरत योग प्रशिक्षकों को फुल टाइम स्थायी पदों पर सर्जित किया जाये।

ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री ने स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत के सपने को साकार करते हुए राजस्थान में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत जुलाई 2021 में राजकीय आयुर्वेद औषधालयों पर पार्ट टाईम महिला योग प्रशिक्षक5000 व पुरुष योग प्रशिक्षक 8000 मानदेय पर नियुक्त किये गए थे। वर्तमान में कार्यरत 3500 महिला व पुरुष योग प्रशिक्षक औषधालयों पंचायत व विद्यालय स्तर पर प्रतिदिन योग द्वारा स्वास्थ्य लाभ दे रहे हैं।

राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों में योग प्रशिक्षकों को स्थायी पद सृजित कर फुल टाइम नियुक्ति के साथ वेतन 25 से 30 हजार प्रतिमाह दिया जा रहा है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में संदीप खत्री, राजकुमार, लोकेश कुमार, धनेशदान चारण, अरविंद सिंह, मैनपाल पूनिया, रामनिवास भांभू, इंदिरा सिहाग, अनुपम शर्मा, सुरेश शर्मा, डॉ. विजेता पोटलिया, संतोष, आनंदी शर्मा, रोशन सिंह, मुकेश चाहर, हनुमान सिंह, शार्दुल सिंह, अमित भाटी, नरेंद्र कुमार, हंसराज, प्रतिज्ञा शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



अखिल राजस्थान योग प्रशिक्षक महासंघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

## रक्तदान शिविर लगाया

झुंझुनूं, (निसं)। भगवान दास खेतान अस्पताल में ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर ब्रह्माकुमारीज द्वारा संस्था की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति एवं विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष में आयोजित हुआ। बीके साक्षी बहन ने अतिथियों को तिलक लगाया। शिविर का शुभारंभ झुंझुनूं ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी अमृत दीदी, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज मील, पूर्व जलदाय विभाग चीफ इंजीनियर मालीराम वर्मा, परमेश्वर हलवाई, पवन सैनी राज्य प्रभारी, पूर्व तहसीलदार मंगलचंद सैनी, पूर्व मैनेजर मोहनलाल, श्रीराम किरोडीवाल, डॉ. पितराम सिंह गोदारा, महेंद्र लमोरिया द्वारा परिसर में दादी को पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने अपने संबोधन में सभी रक्तदाताओं को शुभ प्रेरणाएं दी तथा नेक कार्य के लिए उत्साह बढ़ाया।

# जिला निष्पादन समिति एवं मिड-डे मील योजना की बैठक आयोजित

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति, मिड-डे मील, राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम योजना और पीएम श्री विद्यालयों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यालयों में विद्युत, पेयजल, शौचालय, चारदीवारी, जनआधार ऑथेंटिकेशन, वर्षा जल संरक्षण की विस्तार से समीक्षा की गई तथा शाला दर्पण रैंकिंग में कम रैंक वाले उपखंडों को रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इन्नोवेटिव तरीके से पढ़ाया जाए ताकि विद्यार्थियों की साइंस जैसे विषयों में रुचि पैदा हो।

उन्होंने कहा कि आजकल नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है इसलिए शिक्षा विभाग एवं संबंधित विद्यालयों के संस्था प्रधान इसमें सावधानी रखते हुए विशेष मॉनिटरिंग करें ताकि बच्चों में नशे की प्रवृत्ति नहीं हों।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने मिड-डे मील योजना के तहत स्कूलों में समय पर पोषाहार आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा स्कूलों में बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों को आवंटित अतिरिक्त बजट का सदुपयोग करते हुए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम, साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम, स्ट्रेस मैनेजमेंट, पर्सनालिटी एवं स्किल डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन स्किल से संबंधित सेमिनार आयोजित किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़े। उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों की कार्ययोजना बनाकर विशेष मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए तथा केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट एवं अन्य सुविधाओं की समय-समय पर समीक्षा करने की बात कही।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश जैमन,जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सुरेंद्र सिंह शेखावत, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ.चन्द्रप्रकाश महर्षि, एपीसी विक्रम सिंह शेखावत, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल, सीबीईओ लक्ष्मणगढ़ राधेश्याम योगी सहित सभी ब्लॉकों के सीबीईओ और शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई-कचरा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बलवंतपुरा, (निसं)। डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा में इको क्लब गतिविधि के अर्न्तगत यूनिसेफ के सहयोग से ई-कचरा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि इको क्लब इंचार्ज अध्यापिका अनिता भगत, सीसीए प्रभारी स्वाति व अध्यापिका रुचिरा पूनियां के निर्देशन में छात्राओं को ई-कचरे के सुरक्षित निपटान, स्थिरता और परिपक्व अर्थव्यवस्था की अवधारणा से अवगत कराया गया।

इस दौरान विशेषज्ञों मे बताया कि गलत तरीके से फैंका गया। ई-कचरा न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। बल्कि स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पडता है। हमें मोबाइल फोन, इलेक्ट्रिक, सामान आदि का कचरा कबाडीवाले को नहीं देना चाहिए।

बल्कि सरकार द्वारा संचालित ई-कचरा संग्रहित करने वाली संस्थाओं को देना चाहिए। कार्यशाला में छात्राओं को सस्टेनेबिलिटी एंबेसडर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। ताकि वे स्कूल व समुदाय में हरित पहल का नेतृत्व कर सकें।

यूनिसेफ द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य देशभर के स्कूलों में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। प्राचार्या इंदू सोनी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ई-कचरे का सही प्रबंधन आज समय की आंवश्यकता है। यदि छात्र-छात्राएं जागरूक होंगे तो समाज में निश्चित ही सकारात्मक बदलाव आएगा।

# अपनी मांगों को लेकर ट्रक ऑपरेटरों ने विरोध-प्रदर्शन किया

चूरू (निसं)। कलेक्टर कार्यालय में डम्पर व ट्रकों की आरसी बहाल करने व ई-रवाना चालान को माफ करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष हेतराम खिलेरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। यूनियन के अध्यक्ष हेतराम खिलेरी ने बताया कि खनन पट्टों व क्रेशरों से ओवरलोड टीपी व ई-रवाना निकाले जाते हैं। जिसमें वर्ष 2018 में अंडरलोड टीपी व ई-रवाना का विकल्प आता था। उसके पश्चात सरकार ने जानबूझकर वाहन चालकों के साथ नाइंसाफी कर 100 एमटी का विकल्प दिया। वाहन चालकों के कम पढ़े लिखे होने का फायदा उठा कर खनन विभाग का डर दिखाते हुए ओवरलोड टीपी व ई-रवाना निकाले गए, जिनकी रॉयल्टी सरकार द्वारा वसूली की गई। परिवहन विभाग की ओर से समय-समय पर टैक्स लिया जाता है, जबकि आयुक्त ने समस्त जिला परिवहन अधिकारियों को दिनांक 31 जनवरी 2024 तक ई-खाना में छूट दी गई थी। परन्तु अब दो-तीन वर्ष बीतने के बाद भी खनन विभाग की वेबसाइट से डाटा उठाकर वाहन मालिकों को चालान भेज दिए गए। बिना नियमों की जानकारी के चलते वाहन चालकों को 100 प्रतिशत छूट देकर खान विभाग को ओवरलोड का विकल्प खत्म कर देना चाहिए तथा एक ही नम्बर के वाहनों को 5-6 जिला परिवहन अधिकारियों की ओर से आरसी को सस्पेंड कर दी गई है। जो नियम के विरूद्ध कार्य किया गया है।



चूरू में अपनी मांगों को लेकर ट्रक ऑपरेटरों ने विरोध-प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

वाहन मालिक व क्रेशर मालिक वर्तमान में बिना वाहनों के संचालन के उनके परिवार को भूखे मरने की नौबत आ गई। ट्रक यूनियन सुजानगढ़ की ओर से यह निर्णय लिया गया कि जब तक ई-रवाना माफ नहीं किया जावेगा और आरसी बहाल नहीं की जायेगी। तब तक गाडी मालिक अपनी गाडियों के साथ डीटीओ ऑफिस सुजानगढ़ के सामने खडी कर अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने मांग की है कि जिन-जिन गाडी मालिकों की आरसी सस्पेन्ड की है, उनको जल्द ही बहाल किया जाए और उन वाहनों से अगर कोई दुर्घटना व जनहानि होती है, उसके जिम्मेदार डीटीओ सुजानगढ, परिवहन मंत्री व मुख्यमंत्री होंगे। खिलेरी ने बताया कि यदि 48 घण्टों में मांगें नहीं मांगी गई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में लंकेश अग्रवाल, प्रकाश ढिढारिया, सुरेश सीलू, चुन्नीलाल खिलेरी, राकेश, अग्रवाल, अमित माली, आरएलपी प्रभारी रूपचंद सारण, कानाराम खिचड़, रामलाल मुहाल, निर्मल शर्मा, पृथ्वी बेनीवाल, गोपाल सिलका, जयचन्द, रामनिवास, राजू पारीक, अकबर गौरी, मांगीलाल, प्रताप महला, गोपाल, भंवरू खां, प्रदीप डूडी व श्याम सिंह सहित बडी संख्या में ट्रक ऑपरेटर उपस्थित थे।

## विद्यालय में 201 पेड़ लगाए

राजलदेसर (निसं)। कस्बे में दस्सुसर रोड पर स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय में मंगलवार सुबह 10 बजे विद्यालय के संस्थापक श्रवणाराम आचरा की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के द्वारा विद्यालय में 201 पेड़ लगाए गए।

कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें भोले बाबा बगीची के संत सुरजीत नाथ महाराज ने विद्यालय संस्थापक श्रवणाराम आचरा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इस पर निजी शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, तहसील अध्यक्ष रतन सिंह, युवा विकास समिति के अध्यक्ष बारूपाल, मंत्री मदन दाधीच, राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के जिला अध्यक्ष शिवभगवान सोनी, महामंत्री भजनलाल पारीक, व स्वामी विवेकानंद विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार, प्रियंका, अनीता, आराधना, सोनिया, विमला, अंजू आदि ने पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## गणेश चतुर्थी आज

झुंझुनूं, (निसं)। सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गणेश मन्दिर के दर्शनार्थियों के लिए 27 सितंबर बुधवार को सुबह नौ बजे से हरि इच्छा तक विशाल शीतल जल एवं फलों का रस वितरण शिविर एवं शाम छह बजे से हरि इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि शीतल जल एवं फलों का रस वितरण शिविर के अलावा विशाल भंडारे का आयोजन होगा। विदित है कि दोनों शिविर स्थल राणी सती रोड चूणा चौक से बगड की ओर से जाने वाली रोड पर सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनूं द्वारा संचालित तुलस्यान बंसल सेवा सदन से लगता हुआ है।


राजस्थान सरकार
कार्यालय तहसीलदार सरदारशहर
क्रमांक:- भू-अ/2025/3720 दिनांक 26.08.2025
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहितास कुमार मीणा पुत्र सत्यनारायण मीणा जाति मीणा निवासी फोगां बास भरथरी ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि रोहि सुखड़वास के पुराना खसरा नं. 96 तादादी 29.16 बीघा नया खसरा नं. 129 तादादी 7.5400 हैक्टेयर में 1/2 हिस्सा कृषि भूमि मनी पत्नी महादेवा जाति मीणा निवासी फोगां बास भरथरी के नाम खातेदारी रिकार्ड दर्ज है। खातेदार ने उक्त भूमि दिनांक 04.05.1998 को रोहितास कुमार मीणा पुत्र सत्यनारायण मीणा जाति मीणा निवासी फोगां बास भरथरी के पक्ष में वसीयत लिख दी थी। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 09.10.1998 को हो गया। प्रार्थी उक्त वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरकरण दर्ज और तस्दीक करवाना चाहता है। प्रार्थी का आवेदन इस कार्यालय में लम्बित है। अतः इस बाबत् अगर किसी व्यक्ति को कोई उजर एतराज हो तो 15 दिवस के भीतर असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना एतराज पेश करें। बाद गुजरने मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा एवं प्रार्थना पत्र निस्तारित कर दिया जावेगा।

तहसीलदार ( भू. अ. ) सरदारशहर

कार्यालय अशोक सिंह राठौड़
एडवोकेट राजगढ़ ( चूरू )
प्रत्येक व्यक्ति व विशेष व्यक्ति के लिए सूचना

मैं अशोक सिंह राठौड़ अधिवक्ता राजगढ जिला चूरू (राज.) मेरे अभिभाष्य श्री मदन सिंह पुत्र अग्र सिंह जाति राजपूत निवासी नूहन्द तहसील राजगढ जिला चूरू की हिदायतानुसार प्रत्येक व्यक्ति एवं विशेष व्यक्ति के लिए सूचना प्रेषित कर रहा हूं कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र देवेन्द्र सिंह उम्र 38 वर्ष मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं है। जो गलत संगत में आकर मेरे अभिभाष्य के खिलाफ हो गया है। मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र देवेन्द्र से एवं उसके कृत्यों व गलत आचरण से तंग परेशान है, इसलिए मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र देवेन्द्र को अपने व अपने परिवार जनों से अलग करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे अभिभाष्य का पुत्र देवेन्द्र से कोई संबन्ध नहीं रहा है। उसके किसी प्रकार के कृत्य एवं अपकृत्य के लिए मेरे अभिभाष्य व उसका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। उससे कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसकी हर प्रकार की जिम्मेदारी संव्यवहार करने वाले की होगी, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति एवं विशेष व्यक्ति के लिए यह सूचना प्रेषित की जा रही है। दिनांक:-26.08.2025

भवदीय-अशोक सिंह राठौड़ अधिवक्ता राजगढ ( चूरू ) चैम्बर नं.19 मो.नं.-9610002484

हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना
( साधारण प्रारूप )
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली
अनुसूची संख्यांक-4
न्यायालय पारिवारिक न्यायाधीश महोदय
स्थान- सरदारशहर
अन्तिमा बनाम जगदीप शर्मा
प्रार्थना पत्र - तलाक याचिका
प्रार्थना पत्र संख्या - 123 सन् 2024

नाम :- जगदीप शर्मा पुत्र श्री बाबूलाल शर्मा निवासी आर्य नगर, टिंचौली तहसील व जिला झुंझुनूं (राजस्थान)। उक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि क्यों ना प्रार्थीया की तलाक याचिका स्वीकार कर ली जावे। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 26 माह 09 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें जो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज तारीख 22 माह 08 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

मोहर अदालत

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
सरदारशहर ( चूरू )

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)
क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/1596 दिनांक: 26/08/2025
आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री साहबराम जाति मेघवाल निवासी 3 एच एल एम जोरावरपुरा तहसील व जिला हनुमानगढ, ने ऑनलाईन आवेदन कर अपने खरीदशुदा आवासीय भूखण्ड साईज 1176 वर्गफुट का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाने हेतु आवेदन किया है। मूल पटटा श्री रमेश कुमार पुत्र श्री गुरूचरण जाति लोहार के नाम से साईज 1176 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री रमेश कुमार ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बेयनामा दिनांक 24.07.2025 द्वारा श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री साहब राम को बेचान कर दिया।
जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी,
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)
क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/1592 दिनांक: 26/08/2025
आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुरेखा देवी पत्नि श्री धर्मदेव गोदारा निवासी रावतसर व श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद जाति जाट निवासी परलीका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ ने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजो की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 3770 वर्गफुट मे से 319.5 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री चन्द्र सिंह पुत्र श्री हजारी सिंह जाति राजपूत के नाम से साईज 3770 वर्गफुट का जारीशुदा है। पूर्व पालिका आदेश क्रमांक 136496 दिनांक 17.07.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री साहिल खान पुत्र श्री महबूब खान के नाम से जारीशुदा है। श्री साहिल खान ने उक्त भूखण्ड में से 319.5 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बेयनामा दिनांक 16.06.2025 द्वारा श्रीमती सुरेखा देवी पत्नि श्री धर्मदेव गोदारा निवासी रावतसर व श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद जाति जाट निवासी परलीका को बेचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी,
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर